**सं. सीडीएन/80/2017-समन्वय (ई-30652)**
**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 23rd नवम्बर, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का माह अक्टूबर, 2021 का मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को एतद्द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के माह अक्टूबर, 2021 के मासिक सारांश के अवर्गीकृत भाग की प्रतिलिपि हिंदी में परिचालित करने का निदेश हुआ है।

रूपेश

(रूपेश कुमार सिन्हा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 011 - 23380012

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में,
**मंत्रिपरिषद के समस्त सदस्यगण**

संलग्नकों सहित प्रति निम्नलिखित को प्रेषित :

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग
2. भारत के राष्ट्रपति के सचिव
3. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव
4. कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन [श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक]
5. प्रधानमंत्री कार्यालय [श्री राजेश कुमार साहू, उप सचिव]
6. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग
7. प्रधान महानिदेशक (एमएंडसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
8. भारत सरकार के समस्त सचिव
9. मंत्री, म.बा.वि. के निजी सचिव/राज्यमंत्री, म.बा.वि. के निजी सचिव
10. एसटीडी (एनआईसी), म.बा.वि. मंत्रालय को इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की माह अक्टूबर, 2021 की मासिक सारांश रिपोर्ट

माह अक्टूबर, 2021 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संपन्न की गई महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्न प्रकार हैं:

1. माननीया मंत्री की अध्यक्षता में पीएसए और क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य के साथ दिनांक 11 अक्टूबर को मंत्रालय और हितधारकों के संस्थानों को सुदृढ़ बनाने के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। संस्थानों और हितधारकों के क्षमता निर्माण के लिए एक मार्गचित्र तैयार किया गया। इसके पश्चात सीबीसी की टीम और मंत्रालय के अधिकारियों की सचिव स्तर की बैठक आयोजित की गई।

2. **लंबित संदर्भों के निपटान के लिए विशेष अभियान:** मंत्रिमंडल सचिवालय के निर्देशों के अनुसरण में, मंत्रालय और इसके संबद्ध कार्यालयों/स्वायत्त संगठनों में 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2021 तक एक विशेष अभियान चलाया गया। कुछ प्रमुख उपलब्धियों में 14525 भौतिक फाइलों की समीक्षा और उनमें से 10870 फाइलों को नष्ट किया जाना, 5900 वर्ग फीट किराए के स्थान का अभ्यर्पण शामिल है, जिससे प्रति वर्ष 2.18 करोड़ रुपये की बचत होगी।

3. **राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह:** मंत्रालय में एक शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सचिव, महिला एवं बाल विकास ने मंत्रालय के सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलाई।

4. **सतर्कता जागरूकता सप्ताह:** मंत्रालय में दिनांक 26.10.2021 से 01.11.2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमें निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईं:

- दिनांक 26.10.2021 को सम्मेलन कक्ष में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव महोदय और मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में मंत्रालय के सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई।
- कार्यालय में करने योग्य और न करने योग्य व्यवहार (आचरण नियमों के अनुसार) के संबंध में एक परिपत्र मंत्रालय के सभी कर्मचारियों के बीच परिचालित किया गया।
- दिनांक 27.10.2021 को निवारक सतर्कता, पीआईडीपीआई और सत्यनिष्ठा आदि पर एक सूचनापरक वेबिनार आयोजित किया गया जिसमें मंत्रालय और संबद्ध कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहे।
- मंत्रालय में दो प्रतियोगिताएं (निबंध लेखन और पोस्टर बनाना) आयोजित की गईं।

5. **बच्चों के लिए पीएम केयर्स स्कीम:** बच्चों के लिए पीएम केयर्स स्कीम से संबंधित कॉरपस निधि के लिए लाभार्थियों के संयुक्त खाते खोलने और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 26.10.2021 को सचिव, महिला एवं बाल विकास की अध्यक्षता में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। राज्यों ने 15 नवंबर तक सभी लंबित मामलों के अनुमोदन का आश्वासन दिया।

6. **सचिव महोदय द्वारा अन्य बैठकों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता:**

6.1 वर्ष 2021-22 के लिए आंगनवाड़ी सेवा स्कीम के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना पर विचार करने के लिए 01.10.2021, 04.10.2021, 08.10.2021 और 11.10.2021 को अधिकारप्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठकें आयोजित की गईं।

6.2 मंत्रालय के मिशनों के अभिसरण मैट्रिक्स को अंतिम रूप देने के लिए 12.10.2021 को 26 मंत्रालयों/विभागों के साथ बैठक आयोजित की गई।

6.3 भारत में चावल के फोर्टिफिकेशन पारितंत्र की तैयारी के ऑडिट/आकलन और चावल की फोर्टिफिकेशन गतिविधियों के मूल्यांकन के संबंध में 13.10.2021 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग लिया।

6.4 अनिवासी भारतीयों के वैवाहिक और बालकों संबंधी विवादों से संबंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए 25.10.2021 को समेकित नोडल एजेंसी की 18वी बैठक आयोजित की गई।

6.5 भारत की आजादी के 75 वर्षों के समारोह (आजादी का अमृत महोत्सव) के संबंध में 27.10.2021 को मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में आयोजित सचिवों की समिति की बैठक में भाग लिया।

6.6 भारत के चुनिंदा जिलों में जेंडर बजटिंग को बढ़ावा देने के लिए 28.10.2021 को एक राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित की गई।

7. **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई):** माह अक्टूबर, 2021 के दौरान, 4.11 लाख से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया और 11.00 लाख से अधिक आवेदनों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना-कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (पीएमएमवीवाई-सीएएस) पोर्टल पर दर्ज किया गया। इसके अलावा, 83.18 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभ संवितरित किए गए।

01.11.2021 तक, स्कीम के तहत 2.48 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया; 2.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभों का भुगतान किया गया; 6.44 करोड़ से अधिक आवेदन पीएमएमवीवाई-सीएएस पर दर्ज किए गए; 5.72 करोड़ से अधिक आवेदनों का भुगतान किया गया और 9355.08 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभों का संवितरण किया गया।

*****